कलेक्टर ने बैरसिया में मंडी, तहसील और गांवों का दौरा कर...

# खाद उपलब्धता और राजस्व अभियान 3.0 की प्रगति का लिया जायजा

भोपाल (काप्र)।

**कलेक्टर कौशलेंद्र विक्रम सिंह ने मंगलवार को बैरसिया क्षेत्र का व्यापक दौरा कर खाद की उपलब्धता, राजस्व अभियान 3.0 के क्रियान्वयन की समीक्षा के लिये मंडी, तहसील कार्यालय और ग्रामीण इलाकों का निरीक्षण कर किसानों से संवाद किया और अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।**



कलेक्टर श्री सिंह ने बैरसिया स्थित मंडी का निरीक्षण कर खाद की उपलब्धता और वितरण व्यवस्था का जायजा लिया। उन्होंने मंडी में उपस्थित किसानों से बातचीत कर उनकी जरूरतों और समस्याओं को समझा। किसानों ने खाद की मांग और वितरण प्रक्रिया पर अपने विचार साझा किए। श्री सिंह ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि खाद वितरण में किसी भी प्रकार की अनियमितता न हो और किसानों को समय पर उनकी जरूरत के अनुसार खाद उपलब्ध कराया जाए। उन्होंने कहा कि प्रशासन किसानों के हित में हर संभव कदम उठा रहा है और यह सुनिश्चित किया जाएगा कि किसान बिना किसी असुविधा के आवश्यक खाद प्राप्त कर सकें। कलेक्टर श्री सिंह ने बैरसिया तहसील का निरीक्षण कर राजस्व अभियान 3.0 के क्रियान्वयन की प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने लंबित नामांतरण, बंटवारा, अभिलेख दुरुस्ती, सीमांकन, परंपरागत रास्तों का चिन्हांकन, नक्शे में बटांकन, आधार से खसरे की लिंकिंग, पीएम किसान योजना का सेचुरेशन, और स्वामित्व योजना के तहत चल रहे प्रकरणों के शीघ्र और पारदर्शी निराकरण के निर्देश दिए। कलेक्टर ने अधिकारियों को राजस्व अभियान 3.0 की सफलता के लिए आपसी समन्वय बनाकर कार्य करने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि अभियान का उद्देश्य नागरिकों को राजस्व प्रकरणों का त्वरित निराकरण करना है और इसके लिए सभी संबंधित विभागों को सक्रिय भूमिका निभानी होगी। कलेक्टर श्री सिंह ने बैरसिया के ग्राम सोहाया एवं भूरी पठार का भ्रमण कर राजस्व अभियान 3.0 के तहत चल रहे कार्यों का निरीक्षण किया। भ्रमण के दौरान उन्होंने नामांतरण, बंटवारा, सीमांकन, और परंपरागत रास्तों के चिन्हांकन जैसे कार्यों की प्रगति का जायजा लिया। उन्होंने इन कार्यों को समय सीमा में पूर्ण करने और प्रक्रिया में पारदर्शिता बनाए रखने पर जोर दिया। ग्रामीण भ्रमण के दौरान श्री सिंह ने ग्राम वासियों से चर्चा कर उनकी समस्याएं सुनीं। उन्होंने राजस्व विभाग के कर्मचारियों को निर्देश दिया कि ग्रामीणों की शिकायतों का शीघ्र समाधान किया जाए और अभियान के कार्यों की नियमित मॉनिटरिंग की जाए। इस दौरान एसडीएम बैरसिया आशुतोष शर्मा उपस्थित रहे ।



# बिल्डर के बंधक भू-खण्ड की नीलामी से होगा पटेल नगर कॉलोनी का विकास

## रोहित नगर के रहवासियों को मिलेगा नर्मदा जलः कृष्णा गौर

भोपाल (काप्र)।

**रायसेन रोड पटेल नगर में बिल्डर के बंधक भू-खण्ड को नगर निगम नीलाम करेगा। नीलामी से प्राप्त राशि से पटेल नगर कॉलोनी में पेयजल, सीवेज, सड़क, बिजली और पार्क आदि की व्यवस्था की जायेगी।**

पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक कल्याण राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्रीमती कृष्णा गौर के पटेल नगर के रहवासियों की मांग पर दिये निर्देशों के अनुक्रम में आयुक्त नगर निगम हरेन्द्र नारायण ने उक्त बात कही। राज्यमंत्री श्रीमती गौर ने मंगलवार को निवास कार्यालय पर पटेल नगर और रोहित नगर के रहवासियों की समास्याओं के निराकरण को लेकर अधिकारियों के साथ बैठक की। राज्यमंत्री श्रीमती गौर ने कहा कि पटेल नगर के रहवासियों को बिल्डर द्वारा मुलभूत सुविधाओं से वंचित रखा जा रहा है। बार बार अवश्वासन देने के बाद भी बिल्डर कॉलोनी का अपेक्षित विकास नहीं कर रहा है। पटेल नगर की यह समस्या दशकों पुरानी है। उन्होंने कहा कि बिल्डर द्वारा विकास नहीं करने पर बिल्डर के बंधक भू-खण्ड को नगर निगम नीलामी से प्राप्त राशि विकास कार्य करने के प्रावधान है। इस प्रावधान के तहत आयुक्त नगर निगम ने कहा कि बिल्डर के बंधक भू-खण्ड की नीलामी से कॉलोनी के विकास के लिये अनुमानित आवश्यक राशि 20 से 25 करोड़ रूपये प्राप्त किये जायेंगे। इससे कॉलोनी के विकास कार्यों को नगर निगम द्वारा किया जायेगा। इस निर्णय से पटेल नगर के 750 आवासों के 5 हजार से अधिक रहवासी लाभान्वित होंगे।

रोहित नगर में रहवासियों को पेजजल के लिये नर्मदा जल की सप्लाई दिये जाने के लिये कार्य योजना बनाई जायेगी। कॉलोनी में सिंगल कनेक्शन देने के लिये प्राक्लन तैयार किया जायेगा। यह निर्देश नगर निगम आयुक्त द्वारा दिये गये है। बैठक में एसडीएम श्री एल.के. खरे सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।



# सारंग ने किया सुभाष नगर में प्रस्तावित सिविल अस्पताल के निर्माण स्थल का निरीक्षण

भोपाल (काप्र)।

**सहकारिता मंत्री विश्वास सारंग ने मंगलवार को नरेला प्रस्तावित सिविल अस्पताल के निर्माण स्थल का निरीक्षण किया। उन्होंने अधिकारियों के साथ नगर निगम, पीडब्लूडी, स्वास्थ्य विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ निर्माण स्थल का निरीक्षण कर तय समयावधि में गुणवत्तापूर्ण निर्माण करने हेतु निर्देशित किया।**

मंत्री श्री सारंग ने बताया कि सुभाष नगर में प्रस्तावित अस्पताल के निर्माण के लिए प्लान तैयार कर लिया गया है। उन्होंने कहा कि यह 30 बिस्तरीय सिविल अस्पताल अत्याधुनिक जांच सुविधाओं से युक्त होगा। इससे नरेला क्षेत्र के करीब 5 लाख नागरिकों को लाभ मिलेगा। श्री सारंग ने कहा कि सुभाष नगर में 20 हजार वर्ग फीट में अस्पताल भवन का निर्माण किया जायेगा। इसमें ओ.पी.डी. , सोनोग्राफी, एक्स-रे, ड्रेसिंग रूम, प्लास्टर रूम, ओ.टी. रूम, लेबर रूम, नर्स रूम, स्टोर रूम, टेक्निशियन रूम, पैथोलॉजी लैब, एन.बी.एस.आई रूम सहित 30 बिस्तर वार्ड की सुविधाएं प्रदान की जायेगी। उन्होंने कहा कि यह सिविल अस्पताल लगभग 1 वर्ष में जनता के लिये बनकर तैयार हो जायेगा। साथ ही अगले 3 वर्षों में अस्पताल की क्षमता को बढ़ाकर 100 बिस्तरीय करने के प्लान पर भी काम किया जायेगा। श्री सारंग ने कहा कि नरेला विधानसभा में नागरिकों के स्वास्थ्य सुविधाओं को लेकर विशेष कार्य किया गया है। इसके तहत क्षेत्र के सभी 17 वार्डों में संजीवनी क्लीनिक का निर्माण किया गया है। वहीं अब क्षेत्रवासियों की आवश्यता को दृष्टिगत रखते हुए सुभाष नगर में 30 बिस्तरीय सिविल अस्पताल की सौगात रहवासियों को मिलेगी। जहां सभी प्रकार की जांचें व इलाज नागरिकों को नि:शुल्क उपलब्ध होगा।

## कांग्रेसजनों ने केक काटकर मनाया प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी का जन्मदिन

**भोपाल,( काप्र )।** प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में कांग्रेसजनों ने प्रदेष कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी का जन्मदिन केक काटकर मनाया। श्री पटवारी के जन्मदिवस पर वरिष्ठ कांग्रेस नेताओं सहित कांग्रेसजनों ने उन्हें बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित की। इस अवसर पर प्रदेश कांग्रेस के पदाधिकारीगण सर्वश्री मुकेष नायक, राजीव सिंह, अषोक सिंह, डॉ. राजेन्द्र कुमार सिंह, महेन्द्र जोषी, गौरव रघुवंषी, संजय कामले, शैलेन्द्र पटेल, अवनीष भार्गव, जे.पी. धनोपिया, भूपेन्द्र गुप्ता, प्रदीप अहिरवार, विक्रम चौधरी, राहुल राठौर, हेमंत नरवरिया, सीताराम यादव, प्रिंस सिंह, नम्रता कौर सहित बड़ी संख्या में कांग्रेसजन उपस्थित थे।



# दूध का अधिक संग्रहण करें और किसानों को अधिक लाभ देंः पटेल

**भोपाल ( काप्र )।** पशुपालन एवं डेयरी राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्री लखन पटेल ने कहा है कि सांची दुग्ध संघ दुग्ध उत्पादक किसानों से अधिक से अधिक मात्रा में दूध का संग्रहण करें और उन्हें अधिक से अधिक लाभ दे। सांची के उत्पादों का विक्रय राज्य से बाहर भी किया जाए। सांची के सभी उत्पाद सभी दुग्ध संघों में उपलब्ध रहें और आवश्यकता अनुसार एक दूसरे संघ को विक्रय के लिए भिजवाए जाएं।

श्री पटेल ने आज मंत्रालय में सांची दुग्ध संघ के कार्यों की समीक्षा बैठक ली। बैठक में प्रमुख सचिव पशुपालन श्री उमाकांत उमराव, भोपाल, इंदौर, उज्जैन, बुंदेलखंड, जबलपुर और ग्वालियर दुग्ध संघ के अधिकारी सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

श्री पटेल ने कहा कि सांची के उत्पाद अच्छी गुणवत्ता और वाजिब दामों पर ग्राहकों को उपलब्ध होते हैं। इनकी मार्केटिंग पर विशेष ध्यान दिया जाए। सभी जिलों में कलेक्टर कार्यालय और अस्पतालों में सांची पार्लर बनाए जाए। महिला स्व-सहायता समूह को भी सांची के उत्पाद विक्रय से जोड़ा जाए। लाभ की राशि सीधे किसानों के खातों में अंतरित की जाए।

प्रमुख सचिव उमाकांत उमराव ने बताया कि सभी जिला मुख्यालय पर सांची एक्सक्लूसिव आउटलेट बनाए जा रहे हैं, जिन पर सांची के सभी उत्पाद उपलब्ध रहेंगे। दुग्ध संघ के गेट पार्लर को भी सांची एक्सक्लूसिव पार्लर के रूप में विकसित किया जा रहा है। सांची दुग्ध संघ अब अन्य उत्पादों के साथ कुकीज, आइसक्रीम, सांची नीर, साबूदाना खीर, नमकीन और फ्रोजन मटर भी उपलब्ध कराएगा। उन्होंने निर्देश दिए कि सांची उत्पादों की बिक्री के लिए अभियान चलाकर कार्य किया जाए। ऑफेंसिव मार्केटिंग तकनीक का उपयोग किया जाए। विभाग आगामी 1 वर्ष के लिए कार्य-योजना बनाकर तदनुसार कार्रवाई करे। सांची नीर की बिक्री पर भी विशेष ध्यान दिया जाए।

भोपाल दुग्ध संघ के सीईओ श्री आर.पी. तिवारी ने बताया कि भोपाल दुग्ध संघ द्वारा हाल ही में लॉन्च किए गए सांची नारियल पानी का भी अच्छा विक्रय हो रहा है। दुग्ध संघ द्वारा ब्रेड, चिप्स नमकीन, इत्यादि निर्मित करवाने हेतु निविदा जारी की गई है। जबलपुर दुग्ध संघ फ्रोजन मटर बाजार में लाने की तैयारी कर रहा है। कोदो-कुटकी के बिस्किट भी तैयार किए जा रहे हैं। इंदौर दुग्ध संघ के कुकीज की अच्छी बिक्री है। टेट्रा पैक में दुग्ध प्रदाय के लिए निजी भागीदारी से संयंत्र स्थापना के संबंध में भी कार्रवाई की जा रही है।

बैठक में बताया गया कि चालू वित्त वर्ष में अक्टूबर माह तक सभी दुग्ध संघ द्वारा 10 लाख 54 हजार 460 किलोग्राम प्रतिदिन दुग्ध संकलन के लक्ष्य के विरुद्ध 08 लाख 21 हजार 126 किलोग्राम प्रतिदिन दुग्ध का संकलन किया गया। दीपावली त्यौहार के अवसर पर दुग्ध संघ द्वारा 1 लाख 14 हजार किलो सांची मिठाइयों का विक्रय किया गया। इंदौर, उज्जैन, बुंदेलखंड और जबलपुर दुग्ध संघ द्वारा इस वर्ष अभी तक 96 हजार 179 लीटर प्रति दिन औसत बल्क दूध का विक्रय किया गया।



## वन विहार में पक्षी अवलोकन एवं नेचर कैम्प शुरू


**भोपाल ( काप्र )।** मध्यप्रदेश ईको पर्यटन विकास बोर्ड के सहयोग से वन विहार राष्ट्रीय उद्यान भोपाल में पक्षी अवलोकन एवं नेचर कैम्प का आयोजन किया गया। नेचर कैम्प में छात्र-छात्राओं में वन, वन्य-प्राणियों एवं पर्यावरण के प्रति जागरूकता तथा प्रकृति संरक्षण के प्रति संवेदनशीलता विकसित करने की दृष्टि से भोपाल शहर एवं उसके आसपास के ग्रामों के शासकीय विद्यालयों के लिये कैम्प आयोजित किया गया। कैम्प में शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बालक, स्टेशन भोपाल के 41 छात्रों एवं 3 शिक्षकों ने भाग लिया। कैम्प में सम्मिलित प्रतिभागी छात्रों के साथ वन्य-प्राणी संरक्षण, पर्यावरण संरक्षण एवं वनों की रक्षा के संबंध में विचार साझा कर जागरूकता की समझाईश दी गयी। कैम्प में विषय-विशेषज्ञों द्वारा प्रतिभागियों को पक्षी दर्शन, तितली, वन्य-प्राणी और विद्यमान वानिकी गतिविधियों की जानकारी दी गयी। साथ ही वन, वन्य-प्राणी और पर्यावरण से संबंधित रोचक गतिविधियाँ करायी गयीं और उनकी जिज्ञासाओं को शांत किया गया। इसके अलावा बाघ, तेंदुआ, भालू, मगर, घड़ियाल, चीतल, सांभर, नीलगाय वन्य-प्राणियों का अवलोकन भी कराया गया। कॉर्पोरेट, जकाना, कूट, ओपन बिल, स्टॉर्क, वुलीनेक स्टॉर्क, किंगफिशर जैसे पक्षी एवं नीडम क्षेत्र में कृत्रिम घोंसले और पक्षियों के पुतले भी दिखाये गये।

# मानवता के कल्याण के लिए शिक्षा अहम्‌ः शुक्ल

**भोपाल ( काप्र )।** उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने कहा है कि मानवता के कल्याण के लिए शिक्षा अहम है। उपयुक्त, संस्कारयुक्त शिक्षा और समुचित उपचार की सुविधा, विकास को सार्थक बनाती है। विश्व के कल्याण के लिए सभी को एकजुट होकर सशक्त प्रयास करने होंगे। इस प्रयास में शैक्षणिक संस्थानों की महत्वपूर्ण भूमिका है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के गौरवशाली नेतृत्व में भारत वसुधैव कुटुंबकम की अवधारणा से कार्य कर रहा है। सभी सुखी हों, सभी निरोगी हों, सभी का कल्याण हो इसी मूलमंत्र से प्रयास ज़ारी हैं। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल एसोसिएशन ऑफ़ यूनिवर्सिटीज एशिया एंड पैसिफिक के 17 वें सामान्य सभा सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री मोदी ने रोजगारपरक शिक्षा पर ज़ोर दिया है। शैक्षणिक सामग्री और विभिन्न पाठ्यक्रम में वैश्विक आवश्यकतानुसार योग्यताओं को शामिल करने पर कार्य किया गया है। उन्होंने कहा कि भारत आज सबसे तेज गति से बढ़ती अर्थव्यवस्था है, वर्ष 2047 तक भारत शीर्ष में होगा। इस कार्य के लिए सभी का प्रयास ज़रूरी है, सही शिक्षा, सही कुशलता ज़रूरी है। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने कहा कि चिकित्सा सेवाओं को सशक्त करने के लिए राष्ट्रीय स्तर पर प्रधानमंत्री श्री मोदी द्वारा 75 हज़ार एमबीबीएस सीटों की वृद्धि की जाने की घोषणा की गयी है।

स्पेशल खबर — *ज्ञान की परिपक्वता व्यक्ति की परिपक्वता दर्शाती हैः जायसवाल*

# स्किल को इंडस्ट्री के साथ मैप करें : रघुराज माधव राजेंद्रन



भोपाल (काप्र)।

**एनआईटीटीटीआर में नेशनल क्रेडिट फ्रेमवर्क के अंतर्गत उद्योंगों एवं संस्थानों में एक वर्ष तक कार्यरत अप्रेंटिस ट्रेनिंग का मूल्यांकन कर क्रेडिट देना विषय पर राष्ट्रीय परिचर्चा एवं कार्यशाला का उद्घाटन हुआ।**

इस कार्यशाला का उद्घाटन मुख्य अतिथि रघुराज माधव राजेंद्रन सचिव डिपार्टमेंट ऑफ़ टेक्निकल एजुकेशन मध्य प्रदेश ने किया । श्री रघुराज ने कहा की स्किल को इंडस्ट्री के साथ मैप करें जिससे रोजगार के अवसर बढ़ेंगे। विशेष अतिथि श्री गोविंद जायसवाल संयुक्त सचिव शिक्षा मंत्रालय भारत सरकार ने कहा की पीएम् इंटर्नशिप से महत्वपूर्ण अनुभव प्राप्त होगा जो पेशेवर विकास में सहायक साबित होगा। जैसे.जैसे भारत की अर्थव्यवस्था और उद्योग क्षेत्र विकसित हो रहे हैंए वैसे वैसे कौशल आधारित शिक्षा की महत्ता भी बढ़ रही है। नेशनल क्रेडिट फ्रेमवर्क और राष्ट्रीय शिक्षा नीति युवाओं को कार्यस्थल के लिए तैयार कर उद्योग की आवश्यकताओं के अनुसार कुशल बनाने में सहयक होगी। निटर भोपाल इस दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा हे। संस्थान के निदेशक प्रो सी सी त्रिपाठी ने कहा यह पहली राष्ट्रीय शिक्षा नीति हे जिसने कौशल विकास को नया आयाम दिया हे। राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अनुपालन से शिक्षा एवं उद्योग जगत में बड़ा परिवर्तन आने बाला हे।प्रो बी एल गुप्ता ने अप्रेंटिस ट्रेनिंग का मूल्यांकन एवं क्रेडिट प्रदान करने की पेपरलेस प्रक्रिया पर प्रकाश डाला। निटर भोपाल के प्रथम बैच के अप्रेंटिस ट्रेनिंग कैंडिडेट्स को प्रमाण पत्र वितरित किये गए।

संस्थान द्वारा इमर्जिंग एरिया में बनाये गए 10 मूक्स कार्यक्रम भी लांच किया गए है। कार्यक्रम को कोलकाता चेन्नई मुंबई एवं कानपुर के बोर्ड ऑफ़ अप्रेंटिसशिप के डायरेक्टर्स ने भी सम्बोधित किया। इस अवसर पर देश के अन्य निटर चेन्नई, कोलकाता एवं चंडीगढ़ ,बिभिन्न उद्योग, शिक्षा एवं स्किल डेवलपमेंट से जुड़े संस्थानों के प्रतिनिधियों ने भी कार्यशाला में भाग लिया। कार्यशाला के समन्वयक प्रो संजय अग्रवाल थे कार्यक्रम का संचालन डॉ अंजना तिवारी ने किया।